an>

Title: Need to improve the existing facilites for pilgrims of Amarnath Yatra.

श्री चन्द्रकांत खैरे (औरंगाबाद) : महोदया, मैं आपके माध्यम से माननीय गृह मंत्री जी से अमरनाथ यात्रियों से सम्बन्धित बहुत ही महत्वपूर्ण मुद्दे के बारे में जानना चाहता हूँ।...(व्यवधान) मैं पिछले कई वर्षों से देखता आया हूँ कि अमरनाथ यात्रा के दौरान प्रत्येक वÂर्ष आतंक का साया रहता है और इस वर्ष तो 11 जुलाई को वर्ष 2001 के बाद सबसे बड़ा आतंकवादी हमला हुआ।...(व्यवधान) जिसमें 8 यात्री मारे गए, जबकि 19 गम्भीर रूप से घायल हो गए।...(व्यवधान) कहीं न कहीं यात्रियों की सुरक्षा में चूक हुई है।...(व्यवधान) अमरनाथ यात्रा में गए श्रद्धालुओं पर हमला कायरता की निशानी है और इसका सही जवाब देने का समय आ गया है।...(व्यवधान) पाकिस्तान में खुले आम आतंकी कैम्प चल रहे हैं।...(व्यवधान) बॉर्डर से लगातार घुसपैठ हो रही है।...(व्यवधान) साथ ही आतंकी संगठन पाकिस्तान में सभा करके भारत को लगातार धमकी दे रहे हैं।...(व्यवधान) अब बर्दाश्त करने का समय नहीं है।...(व्यवधान) आतंक को करारा जवाब देने का वक्त आ गया है।...(व्यवधान) निहत्थे श्रद्धालुओं पर हमला किया जाना किसी को बर्दाश्त नहीं है।...(व्यवधान) पूरा देश चाहता है कि पाकिस्तान और इसके आतंकी संगठनों को स्थायी इलाज निकाला जाये।...(व्यवधान)

इसके 5 दिनों के बाद 16 जुलाई को 16 अमरनाथ यात्री मारे गए एवं 19 श्रद्धालु घायल हो गये।...(व्यवधान) जब एक बस जम्मू-श्रीनगर राष्Âट्रीय राजमार्ग में नीचे खाई में गिर गयी।...(व्यवधान)

मेरा सरकार से निवेदन है कि अमरनाथ यात्रियों को सुरक्षा और सुविधा उपलब्ध कराना सरकार का काम है।...(व्यवधान) अमरनाथ यात्रा के दो मार्ग हैं।...(व्यवधान) एक पहलगाम के रास्ते और दूसरा बालटाल के रास्ते से है।...(व्यवधान) दोनों रास्ते दुर्गम पहाड़ों से होकर जाते हैं और बहुत ही संकरे हैं।...(व्यवधान) इन रास्तों पर बेसिक सुविधाओं की भी अत्यंत कमी है।...(व्यवधान) यात्रा पर जाने वाले लोगों को बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ता है।...(व्यवधान) मेरी माँग है कि माता वैÂष्णो देवी की यात्रा जैसी सुविधा अमरनाथ यात्रा में भी उपलब्ध करायी जाए।...(व्यवधान) वहाँ के जैसी सुविधाओं के विकास के लिए तुरन्त पहल शुरू कर दी जानी चाहिए।...(व्यवधान) आशा है कि गृह मंत्री जी इसका संज्ञान लेकर अमरनाथ यात्रा को सुगम बनाने की दिशा में अवश्य निर्देश जारी करेंगे।...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष :

कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल,

श्री चन्द्र प्रकाश जोशी,

श्री अर्जुन लाल मीणा,

श्री भैरों प्रसाद मिश्र और

डॉ. किरिट पी. सोलंकी को श्री चन्द्रकांत खैरे द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है